# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

2025 JAN


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 07
- माह : जनवरी 2025


















http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# ''दीपावली मिलन समारोह'' का 'तीन-दिवसीय' भव्य आयोजन सम्पन्न

## प्रथम दिवस (2 जनवरी) : MPCCI-COSMO ''क्रिकेट कॉर्निवाल'' आयोजित

## तानसेन चैलेंजर्स बना चैम्पियन

## द्वितीय दिवस (4 जनवरी) : 'पारिवारिक कार्यक्रम' आयोजित

## तृतीय दिवस (5 जनवरी) : 'कवि सम्मेलन' व 'स्वरुचि भोज' आयोजित



संस्था के सदस्य व उनके परिजनों के लिए आयोजित तीन-दिवसीय ''दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह'' के तहत 'प्रथम दिवस' **MPCCI-COSMO** 'क्रिकेट कार्निवाल' का आयोजन दि. 02 जनवरी,25 को ''कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम'' में किया गया।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश-श्री पी. सी. गुप्ता ने नववर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ, शारीरिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा किया गया है। इस आयोजन में जो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, वह अपनी आयु को पीछे छोड़ते हुए सम्मिलित हुए हैं, जिस अच्छे भाव के साथ यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। वह अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचे, ऐसी मैं कामना करता हूँ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता द्वारा तथा पूर्व अध्यक्ष-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल को उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल ने भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय-श्री पीताम्बर लोकवानी एवं श्री जगदीश मित्तल सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में भाग ले रही सभी आठ टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तदुपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। अंत में आभार कोषाध्यक्ष-श्री संदीपनारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

आयोजन में खेल रही आठ टीमों को-ए, बी, सी, डी समूह में बांटा गया था। समूह-ए में तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) विरूद्ध जीवाजी रॉयल्स (पवन कुमार अग्रवाल), समूह-बी में मानसिंह वॉरियर्स (हेमंत गुप्ता) विरूद्ध गूजरी सनराइजर्स (डॉ. राकेश अग्रवाल), समूह-सी में फोर्टनाइट राइडर्स (संजीव अग्रवाल कुक्कू) विरूद्ध जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) एवं समूह-डी में सावरकर चैलेंजर्स (डॉ. प्रवीण अग्रवाल) विरूद्ध गालव डेयरडेविल्स (दीपक अग्रवाल) के बीच लीग मैच खेले गए।

लीग मैच की विजेता टीमों के बीच सेमीफाइनल के मुकाबले खेले गए, जो कि बेहद रोमांचक रहे।



पहला सेमीफाइनल गालव डेयरडेविल्स (दीपक अग्रवाल) एवं जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) के मध्य खेला गया, जिसकी विजेता जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) टीम रही।

दूसरा सेमीफाइनल मैच तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) एवं गूजरी सनराइजर्स (डॉ. राकेश अग्रवाल) के बीच खेला गया। इस मैच को तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) ने जीता।

फ्लड लाइट में आयोजित फाइनल मैच तानसेन चैलेंजर्स (संदीप नारायण अग्रवाल) तथा जयविलास किंग्स-11 (वसंत अग्रवाल) के मध्य खेला गया। इस मैच में टॉस जीतकर तानसेन चैलेंजर्स द्वारा पहले बॉलिंग की गई। बेहद कसी हुई बॉलिंग के चलते जयविलास किंग्स-11 की टीम 7.4 ओवर में 35 रन पर ऑलआउट हो गई। इस स्कोर को 4 विकेट खोकर तानसेन चैलेंजर्स द्वारा मात्र 4.1 ओवर में ही चेज कर लिया और विजेता का खिताब अपने नाम किया।

क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि-ग्वालियर पूर्व विधायक-डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने आयोजन की प्रशंसा की एवं खेलों के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, आयोजन की सफलता एवं विजेता टीम को शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को एमपीसीसीआई रनिंग ट्राफी प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव, श्री प्रकाश अग्रवाल, जगदीश मित्तल एवं पूर्व कोषाध्यक्ष-श्री गोकुल बंसल उपस्थित थे।

## प्रत्येक मैच के प्रश्चात् प्रदान किए गए 'लक्की ड्रॉ'

मैच के दौरान स्टेडियम में आने वाले सदस्य एवं उनके परिजनों को 'लक्की ड्रॉ' प्रदान किए गए थे, जिन्हें एक ड्रॉप बॉक्स में डाला जा रहा था। प्रत्येक मैच के पश्चात् इस ड्रॉप बॉक्स से भाग्यशाली विजेता का नाम निकालकर उन्हें आकर्षक गिफ्ट प्रदान की गई। इसके प्रयोजक बंसल जी ब्राण्ड के संचालक महावीर प्रसाद बंसल थे। इसके तहत विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान गए। 'लक्की ड्रॉ' विजेता निम्नानुसार हैं :-

**'प्रथम राउण्ड' :** (12 'लक्की ड्रॉ') : श्री पंकज गोयल, श्री मुदित बंसल, श्री रामदास गोयल, श्री मनोज सरावगी, श्री हितेन्द्र




अग्रवाल, श्री त्रिलोक अग्रवाल, श्री अक्षत सिंघल, श्री नवीन अग्रवाल, श्री भरत बंसल, श्री संजय अग्रवाल, श्री कपिल अग्रवाल एवं श्री एकांश गर्ग।

**‘द्वितीय राउण्ड’ :** (04 ‘लक्की ड्रॉ’) : श्री सौरश, श्री दिव्यांश गुप्ता, श्री अरविन्द गुप्ता एवं श्री अजय सिंघल।

**‘तृतीय राउण्ड’ :** (08 ‘लक्की ड्रॉ’) : श्री ब्रजकिशोर, वल्लभी अग्रवाल, श्री दीपेश अग्रवाल, श्री पूजा मित्तल, जय कुंदवानी, श्री संजय बांकले, श्री दिव्यांश गुप्ता, श्री कन्हैया मित्तल।

**‘चतुर्थ राउण्ड’ :** (04 ‘लक्की ड्रॉ’) : अक्षिता बंसल, श्री राकेश जैन, श्री भरत बंसल, अर्चना सिंघल।

## – पुरस्कार –

**मैन ऑफ द मैच (लीग मेच) :** प्रथम मेच–विजय गुप्ता, द्वितीय मैच–सौरभ गुप्ता, तृतीय मैच–दीपक अग्रवाल, चतुर्थ मैच–प्रदीप रत्नाकर को दिए गए।

**प्रथम सेमीफायनल** में नरेश जेठवानी तथा **द्वितीय सेमीफायनल** में गिरीश गाबरा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिए गए। फायनल मैच, **मैन ऑफ द मेच :** तरूण गोयल को चुना गया।

**बेस्ट कैच ऑफ द टूर्नामेंट :** संदीप गाबरा, बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट–नरेश कुमार जेठवानी, बेस्ट बाउलर ऑफ द टूर्नामेंट–कपिल गुप्ता, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट–सौरभ गुप्ता तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी सौरभ गुप्ता को उनके ऑलराउण्ड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# 4 जनवरी को पारिवारिक कार्यक्रम के अन्तर्गत 'अंताक्षरी' एवं 'मेरी आवाज सुनो' का हुआ आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, महापौर-डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार




पारिवारिक कार्यक्रम के तहत दिनांक 4 जनवरी को सदस्य परिवार की महिलाओं के लिए अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, महापौर-डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहाकि महिलाओं के लिए अंताक्षरी जैसा आयोजन उन्हें मंच देने का एक सुनहरा अवसर है। इससे वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर पाती हैं। नववर्ष मिलन के अवसर पर आप सभी को बहुत शुभकामनाएँ। हमारा शहर भी इंदौर की तरह स्वच्छता में नंबर वन बने। इसके लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। हम स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और अपने साथ अपने परिजन एवं पड़ौसियों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। इस साल वर्षा अच्छी हुई है। हमें अपनी भविष्य की पीढ़ी के लिए जल संरक्षण को भी अपनाना चाहिए क्योंकि जल ही जीवन है।

**अंताक्षरी प्रतियोगिता :** नरगिस टीम की प्रतिभागी-वनीता गर्ग, रंजना आनंद, कंचन सिधवानी, मनीषा बंसल द्वारा प्रथम पुरस्कार जीता गया। वहीं टीम-वैजयन्ती माला की प्रतिभागी-दिव्या सांघी, विनीता जैस्वानी, दीप्ति सरावगी, मीरा अग्रवाल द्वारा द्वितीय पुरस्कार जीता गया। तृतीय पुरस्कार टीम-सुरैया की प्रतिभागी रितु गुप्ता, रूबी अग्रवाल, श्रेया बंसल एवं सोनिया सप्रा को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही 36 अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार महापौर-डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार द्वारा प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार श्रीजी ब्राण्ड के संचालक एवं पूर्व उपाध्यक्ष-श्री सुरेश बंसल जी द्वारा प्रायोजित किए गए।

इससे पूर्व कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता द्वारा महापौर-डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार जी को स्मृति-चिन्ह प्रदान किया गया। वहीं उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा प्रायोजक एवं पूर्व उपाध्यक्ष-श्री सुरेश बंसल जी को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

**मेरी आवाज सुनो प्रतियोगिता :** इस प्रतियोगिता में सदस्य फर्म के अधिकृत प्रतिनिधियों ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन करते हुए फिल्मी गानों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। यह प्रतियोगिता, मेसर्स रोम कम्प्यूटर एंड अकाउंट्स ट्रेनिंग सेंटर के संचालक व चेम्बर उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा प्रायोजित की गई। इस प्रतियोगिता के विजेता निम्नानुसार हैं :-

**प्रथम पुरस्कार :** श्री नरेश जेठवानी, **द्वितीय पुरस्कार :** श्री एस. के. दास, **तृतीय पुरस्कार :** श्री राकेश जैन। सांत्वना पुरस्कार विजेता : सर्वश्री चैतन्य बंसल, दीपक अग्रवाल, नंदकिशोर गोयल, महेन्द्र सिंह सिकरवार, दिनेश कुमार अग्रवाल, रामकुमार चोपड़ा, अनूप साहू।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. साक्षी कुलश्रेष्ठ, व्याख्याता गायन, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय एवं डॉ. आभास सक्सेना, व्याख्याता गायन, शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व स्वरुचि भोज का हुआ आयोजन



तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिवस संस्था सदस्य व उनके परिजनों के लिए ''अखिल भारतीय कवि सम्मेलन'' एवं 'स्वरूचि भोज' का आयोजन दिनांक 5 जनवरी को 'रंगमहल गार्डन' में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री–माननीय श्री नारायण सिंह जी कुशवाह उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथिगणों सहित उपस्थित कविगणों का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में मंचासीन देश के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया जिनके कुछ अंश यहां प्रस्तुत हैं :–

**विनीत चौहान, अलवर...**

जिनकी आजादी भारत की सेना की कुर्बानी है, उन अहसान फरामोशों की कितनी क्रूर कहानी है।

अचरज है जिनकी रोटी पर हम लोगों के नाम मिले, उनकी पीढ़ी में ही सबसे ज्यादा नमक हराम मिले।

जिनके पुरखे आज तलक भी भारत में शरणागत हैं, उन लोगों की आस्तीन के साँपों जैसी हालत है।।

**दिनेश बावरा, मुंबई...**

इस दुनियां को खतरा ना चीन ना पाकिस्तान ना अमेरिका ना इज़राइल से है।

इस दुनियां को सबसे ज्यादा खतरा आप की जेब में रखे हुये मोबाइल से है।।

**गौरी मिश्रा, नैनीताल...**

ताज़ा तरीन खुशबू है लेकिन पुराना लग रहा, फूल जूड़े में सजा तुम बिन पुराना लग रहा।

अब तलक भी लौट कर जो तुम नहीं आए पिया, मुझको तो नए साल का हर दिन पुराना लग रहा।।

**राव अजातशत्रु...**

ये बोली तो युग बोला ये गायी तो सबने गाया, इसने ही आजादी का परचम सीमा पर लहराया।

वंदे मातरम बन कर गूंजी और तिरंगा थाम लिया, बिस्मिल शेखर भगत सिंह मंगलपांडे का नाम लिया।

पराधीनता की बेड़ी से करने को आजाद, कविता जिन्दाबाद हमारी कविता जिन्दाबाद।।

**प्रताप फौजदार, आगरा...**

वफा ईमान की बातें किताबों में ही मिलतीं हैं,
भरोसा रोज मिलता है भरोसा रोज डसता है।
ज़मीं वो अन्न पैदा कर वफा जो खून मे बोले,
भगत सिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है।।

**तेजनारायण शर्मा, जौरा...**

युग की टेर लिए बैठी है, मन के फेर लिए बैठी है।
रघुनंदन अब तो आ जाओ, शबरी बेर लिए बैठी है।।

कवि सम्मेलन का संचालन, प्रख्यात कवि श्री तेजनारायण शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर आयोजित स्वरुचि भोज में सदस्यों एवं उनके परिजनों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया गया।

# आयोजन की झलकियाँ...


05 जनवरी
KAILASH






KAILASH


COMMENTARY




M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR
MPCCI-COSMO



# आयोजन की झलकियाँ...


MPCCI-COSMO


MPCCI-COSMO


म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर
अंताक्षरी
मेरी आवाज सुनो
टीम नरगिस
टीम सुरैया
टीम मधुबाला






म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर
दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह
पारिवारिक कार्यक्रम
अंताक्षरी


म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर
दीपावली एवं नववर्ष मिलन समारोह
पारिवारिक कार्यक्रम


मेरी आवाज सुनो
टीम मधुबाला

# कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 27 जनवरी, 25 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार कर, निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई गया :-

1. मेसर्स मुरैना बन्दूक भण्डार, मुरैना.
2. मेसर्स कल्याण हरिलीला मोटर्स, रिसाला बाजार, मुरार.
3. मेसर्स आवतराम मॉल, मोर बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
4. मेसर्स हेलो इंटरप्राईजेज, होटल साया, पड़ाव, ग्वालियर.
5. मेसर्स बंसल फोम, मोची ओली, लश्कर, ग्वालियर.
6. मेसर्स श्री राधे ट्रेडर्स, मातेश्वरी कॉम्पलेक्स, पिछाड़ी ड्योढ़ी
7. मेसर्स श्री संतोषी ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
8. मेसर्स कैप्टन उपाध्याय इनर्जी स्टेशन, कम्पू, लश्कर, ग्वा.
9. मेसर्स शिव शक्ति ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
10. मेसर्स एस. आर. व्ही. पोलीप्लास्ट, दाल बाजार, लश्कर.
11. मेसर्स राधिका ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
12. मे. अग्रवाल हैण्डीक्राफ्ट, मोदी कॉम्पलेक्स, पारखजी का बाड़ा
13. मेसर्स वेदत्रीय इण्डस्ट्रीज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
14. मेसर्स ज्योति बैंगल्स, दही मण्डी, लश्कर, ग्वालियर.
15. मेसर्स आदिनाथ जेम्स एंड ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर.
16. मेसर्स गोपीराम एण्ड संस, नया बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
17. मेसर्स प्रतीक प्लायवुड, दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर.
18. मेसर्स नारायणदास बाबूलाल, सराफा बाजार, लश्कर.
19. मेसर्स शुभम इंटरप्राईजेज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
20. मेसर्स के. एन. सेल्स एण्ड सर्विसेस, दाल बाजार, लश्कर.
21. मेसर्स शारदा ऑटोमोबाईल्स, बहौड़ापुर, लश्कर, ग्वालियर.
22. मेसर्स सी. पी. सोलर इनर्जी, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
23. मेसर्स श्रीनाथ ट्रेडिंग कं., हरीशंकरपुरम्, ग्वालियर.
24. मेसर्स केदारनाथ ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
25. मेसर्स न्यू काका पेन्ट हाउस, मुरार, ग्वालियर.

म. प्र. श्रम सलाहकार परिषद के पुनर्गठन हेतु श्रम आयुक्त, इन्दौर से प्राप्त पत्र पर विचार कर, श्री जगदीश मित्तल जी को नामांकित करने का निर्णय लिया गया।



* 'चेम्बर सचिवालय' हेतु वर्ष-2025 के लिए सामान्य निर्धारित अवकाशों की जानकारी सदन को निम्नानुसार प्रस्तुत की गईः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी, 2025 | बुधवार | |
| होली | 14 मार्च, 2025 | शुक्रवार | |
| भाई दोज | 15 मार्च, 2025 | शनिवार | |
| ईद-उल-फितर | 31 मार्च, 2025 | सोमवार | एच्छिक |
| ईदुज़्ज़ुहा (बकरीद) | 07 जून, 2025 | शनिवार | एच्छिक |
| रक्षाबंधन | 09 अगस्त, 2025 | शनिवार | |
| स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त, 2025 | शुक्रवार | |
| श्रीकृष्ण जन्माष्टमी | 16 अगस्त, 2025 | शनिवार | |
| गणेश चतुर्थी | 27 अगस्त, 2025 | बुधवार | एच्छिक |
| दुर्गाष्टमीं | 30 सितम्बर, 2025 | मंगलवार | एच्छिक |
| गाँधी जयंती व दशहरा | 02 अक्टूबर, 2025 | गुरुवार | |
| दीपावली | 20 अक्टूबर, 2025 | सोमवार | |
| गोवर्धन पूजा | 21 अक्टूबर, 2025 | मंगलवार | |
| दीपावली पड़वा | 22 अक्टूबर, 2025 | बुधवार | |
| भाईदूज | 23 अक्टूबर, 2025 | गुरुवार | |

नोट : इनके अतिरिक्त विशेष कारणों से 4 अवकाश देने का अधिकार 'मानसेवी सचिव' को रहेगा। * गणतंत्र दिवस-26 जनवरी एवं सर्वपित मोक्ष अमावस्या (एच्छिक) 21 सितम्बर को 'रविवार' होने से पृथक से अवकाश घोषित नहीं किया गया है। * उपरोक्त 04 एच्छिक अवकाशों में से कोई भी 02 अवकाश स्टॉफकर्मी ले सकते हैं।

# जनवरी, 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय वित्तमंत्री, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, रेडीमेड कपड़ों पर जीएसटी की दरों में की गई वृद्धि को वापिस लेने की माँग की गई।
* महापौर एवं आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' के सामने एवं मयूर मार्केट, थाटीपुर पर लगने वाली सब्जी मण्डी का प्रातः 10.00 बजे तक का समय निर्धारित करने की माँग की गई।
* सहायक आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी कार्यालय, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, महाराज बाड़ा सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर खुलेआम शराब पीने वालों के विरुद्ध तत्काल और सख्त कार्यवाही करने की माँग की गई।
* केन्द्रीय संचार मंत्री-माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह एवं आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, भोपाल को पत्र प्रेषित कर रियल एस्टेट सेक्टर में ग्वालियर विकास योजना-2021 के प्रावधानान्तर्गत स्वीकृत अनुज्ञाओं की वैध कालावधि तक यथावत भवन निर्माण अनुज्ञा जारी किए जाने की माँग की गई।
* नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर की नगरीय निकाय से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हेतु 'चेम्बर भवन' में पधारने का आग्रह किया गया।
* महाप्रबंधक, डीआईसी, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शंकरपुर उद्योग नगरी के भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया के संबंध में शासन स्तर पर उचित कार्यवाही करने की माँग की गई।
* उप मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री, म. प्र. शासन-माननीय श्री जगदीश देवड़ा को पत्र प्रेषित कर, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट हेतु सुझाव प्रेषित किए गए।

# चैक बाउंस होने पर कानूनी सुरक्षा

चैक बाउंस होने पर, पहले सिर्फ चैक पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति दोषी होता था। लेकिन 2006 के बाद, नियम बदल गए हैं और अब चैक स्वीकार करने वाले की भी कुछ जिम्मेदारी होती है। यदि कोई व्यक्ति आपको चैक देता है और वह बाउंस हो जाता है, तो आपको न्यायालय में यह साबित करना होगा कि आपके पास उसे उतनी राशि देने की क्षमता थी। आजकल व्यापार में विश्वास कम हो गया है, इसलिए हमें कानूनी रूप से अपने आप को सुरक्षित रखना होगा। हुंडी के लेन-देन को भी कानूनी रूप से सुरक्षित बनाएं। अपने व्यापारिक लेन-देन को विधि अनुसार करें।

## कारोबारी क्या करें?

* यदि आप ब्याज पर पैसा दे रहे हैं, तो आपको साहूकारी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना होगा और लाइसेंस प्राप्त करना होगा।
* अपने खातों में दिए गए पैसे को दर्ज करें। इससे आप न्यायालय में अपनी क्षमता साबित कर पाएंगे।
* पैसा देने वाले से प्रॉमिसरी नोट पर हस्ताक्षर कराएं।
* यह सुनिश्चित करें कि जिस व्यक्ति से आपने चैक प्राप्त किया है, उसका बैंक में खाता है और वह बैंक में दर्ज पते पर रहता है।
* चैक को निर्धारित अवधि में बैंक में जमा करें और यह सुनिश्चित करें कि वह बैंक से समय पर प्रस्तुत हो गया है।
* जब भी आप पैसे का लेन-देन करें, तो उसका एग्रीमेंट करें और उसे दो प्रतियों में बनवाएं। एक प्रति आपके पास रखें।
* यदि स्टाम्प की राशि ज्यादा लग रही है, तो भी एग्रीमेंट अवश्य करायें एवं ऑरिजनल प्रति अपने पास रखें।

## अतिरिक्त सुझाव

* हमेशा लिखित में लेनदेन करें।
* सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखें।
* यदि कोई समस्या होती है, तो तुरंत कानूनी सलाह लें।
* इन सुझावों का पालन करके आप अपने व्यापारिक लेन-देन को सुरक्षित कर सकते हैं और किसी भी धोखाधड़ी से बच सकते हैं।

## हुण्डी लेनदेन हेतु एडवायजरी, आवश्यक रूप से अपनाएँ

1. नकली हुण्डी से बचाव के लिए, जिस व्यक्ति को पैसा दिया जा रहा है, उससे हुण्डी लिखवाने के साथ-साथ एक चेक भी लिया जाए।
2. चेक के पीछे उधार रकम लेने वाले के हस्ताक्षर कराएँ और यह अंकित कराएँ कि ''मैंने जो रकम उधार ली है, उसके एवज में यह चेक प्रदान कर रहा हूँ'' ताकि आवश्यकता पड़ने पर यह चेक उपयोग में आ सके।
3. हुण्डी लिखवाते समय उसके ऊपर चेक नंबर भी अंकित किया जाए।

### उपयोगी सलाह

1. जिस व्यक्ति को पैसा उधार दिया जा रहा है, उसकी नेटवर्थ (संपत्ति) का आंकलन करने के बाद ही पैसा उधार दिया जाए।
2. जिस व्यक्ति की पैसे वापिस लौटाने की क्षमता न हो, उसे अधिक ब्याज के लालच में पैसा उधार न दिया जाए।
3. संभव हो, तो ब्याज भी चेक के माध्यम से ही प्राप्त करें।

नोट : ''कृपया ध्यान दें, दिनांक 21 जनवरी 2025 के बाद हुण्डी पर किए गए लेनदेन में किसी भी विवाद के संबंध में चेम्बर द्वारा जारी की गई आवश्यक सलाह का पालन अनिवार्य होगा। ''म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री'' द्वारा केवल उन्हीं प्रकरणों पर विचार किया जाएगा, जो इस सूचना के अनुरूप होंगे।

# 76वें 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया 'झण्डा वंधन'




76वें 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर आपने सदस्यों को 76वें 'गणवतंत्र दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज तेजी से युग बदल रहा है। परिवर्तनों को हमें स्वीकार करना चाहिए। आज ए. आई. का जमाना आ गया है। पुरातन में हम आविष्कारों के बारे में जब सुनते थे, तो यकीन नहीं कर पाते थे, लेकिन आज मोबाइल रूपी आविष्कार को हम स्वीकार कर, उन आविष्कारों पर यकीन कर चुके हैं। इसी प्रकार ए.आई. टेक्नॉलोजी के जो प्रयोग हो रहे हैं, उनसे भविष्य में रोबोट को काम करते हुए हम देखेंगे। कई देशों के साथ ही, हमारे देश में यह प्रयोग हो रहा है। निश्चित रूप से हमें ऐसे परिवर्तनों के लिए तैयार रहना होगा और उन्हें स्वीकार करना होगा। इन परिवर्तनों के साथ हमें आगे बढ़ना है। ''व्यापार बिना जीवन नहीं और उद्योग बिना उन्नति नहीं'' यह चेम्बर ऑफ कॉमर्स का संकल्प और नारा है और इसी के साथ हमको आगे बढ़ना है और अपना-अपना योगदान इस दिशा में देना है। भारत में तेजी से औद्योगिक परिवेश बदल रहा है, इससे म. प्र. भी अछूता नहीं है। ग्वालियर में ''रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव'' के बाद तेजी से निवेश आ रहा है। ग्वालियर में एक हजार करोड़ का निवेश एक प्लायबोर्ड निर्माण कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसका शीघ्र ही शिलान्यास होगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने इस निवेश में अपनी भूमिका अदा की है। हमने प्रयास किया कि एक बड़ा इंवेस्टमेंट इस रीजनल कॉन्क्लेव के माध्यम से आना चाहिए।

इसमें हमारे द्वारा तेजी से प्रयास किया गया है, और सब कुछ सही रहा, तो आगामी 26 जनवरी पर उस निवेश की शुभकामनाएँ भी हम दे पाएँगे। भारत में स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया, इस प्रकार के व्यापार और उद्योग के तरीकों का उदय हो चुका है। देश की आर्थिक नीति और रोजगार प्रदान करने में एमएसएमई की बहुत बड़ी भूमिका है, एमएसएमई के लिए यह संस्था सदैव कटिबद्ध रही है और आगे भी रहेंगे। ग्वालियर में कनेक्टिविटी में वृद्धि हो, कौशल विकास का प्रशिक्षण, वैधानिक जागरूकता एवं व्यापारिक लेन-देन के निपटान में भी चेम्बर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनिस के तहत व्यापार की बाधाओं को कम करने की दिशा में भी चेम्बर निरंतर कार्य करेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के 118वे 'स्थापना दिवस' पर ग्वालियर अंचल में सोलर आंदोलन को गति प्रदान करने की बात कही गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा 02 सोलर फेयर का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया तथा संस्था के एक प्रतिनिधि मण्डल ने गुजरात में सोलर पर अध्ययन हेतु सोलर इण्डस्ट्रीज की विजिट भी की गई। 'चेम्बर भवन' में भी 30 किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगाया गया है। इससे चेम्बर की वर्षभर की खपत का लगभग 70% यूनिट का उत्पादन होगा तथा 40% से 45% खर्च में कमी आएगी। इसी के साथ आपने डिजिटलाइजेशन की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के सन्- 1906 से लेकर आज तक के सभी दस्तावेजों का डिजिटिलाईज का ऐतिहासिक कार्य हुआ है।

कार्यक्रम के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष-ओमप्रकाश अग्रवाल, जीएल भोजवानी, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-पीताम्बर लोकवानी, ललित गुप्ता, जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष-कैलाश लहारिया, गोकुल बंसल, वसंत अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण एवं सदस्यगण काफी संख्या में उपस्थित थे।

**"साइबर सुरक्षा" हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है । इंटरनेट और टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग के साथ, हमें अपनी निजी और वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक रहना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए MPCCI द्वारा MP पुलिस के सहयोग से यहाँ पर कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्रकाशित की जा रही, जो कि आपको "साइबर सुरक्षा" में अवश्य ही सहायक सिद्ध होगी ।**

# सायबर सुरक्षा अभियान

मध्य प्रदेश पुलिस का सायबर अपराधों के प्रति 'जन-जागरूकता अभियान'
1 से 11 फरवरी 2025

सेफ़ इंटरनेट दिवस - 11 फरवरी 2025

सेफ़ क्लिक
सुरक्षित क्लिक - सुरक्षित जीवन

**CALL HELPLINE NO 1930**

## वृद्धजनों हेतु सायबर अपराधों से बचने के उपाय

### क्या करें

- एटीएम बूथ पर किसी अनजान व्यक्ति से सहायता न लें, हो सके तो किसी रिश्तेदार को अपने साथ ले जाएं।
- किसी संस्थान, कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क की जानकारी के लिये उसकी अधिकृत वेबसाइट का प्रयोग करें, गूगल या किसी अन्य सर्च इंजन से नम्बर खोजकर संपर्क न करें। कभी-कभी अपराधी गलत नंबर देकर झांसे में लेते हैं।
- बैंक, बीमा कंपनी, कोषालय, पेंशन कार्यालय आदि के नाम से जीवन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड या किसी अन्य प्रयोजन हेतु कॉल, एसएमएस, ईमेल या वाट्सएप मैसेज प्रतिरूपण या धोखाधड़ी पूर्ण भी हो सकते हैं। ऐसे कॉल/मैसेज आने पर सीधे संबंधित कार्यालय जाकर संपर्क करें, कॉल पर किसी दस्तावेज या जानकारी का आदान-प्रदान न करें।
- जीवन बीमा पॉलिसी के बोनस या अन्य प्रलोभन हेतु कॉल आने पर सत्यापन, प्रोसेसिंग फीस या अन्य चार्जेस के नाम पर किसी खाते में रूपये ट्रांसफर न करें, न ही कोई जानकारी प्रदान करें। सीधे जीवन बीमा कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि से अथवा कार्यालय में जाकर संपर्क करें।
- पुलिस या जांच एजेंसियों के नाम पर कॉल कर बच्चों या नाती-पोतों का किसी अपराध में गिरफ्तारी का भय दिखाकर पैसे की मांग करने वालों से सावधान रहें, किसी खाते में पैसे जमा न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है।
- सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि पर इंवेस्टमेंट, टास्क, ट्रेडिंग आदि पर लाभ पहुंचाने के नाम पर ठगी की जा रही है, इस तरह के ग्रुप में न जुड़ें न ही किसी तरह का पेमेंट करें।

### क्या न करें

- वृद्धजन सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करें, सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- अपने किसी भी प्रकार का पिन, पासवर्ड आदि कहीं लिख कर न रखें, न ही किसी के साथ साझा करें।
- अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गए किसी लिंक पर क्लिक न करें न ही कोई एप्लीकेशन इंस्टाल करें।
- ऑनलाइन मित्र द्वारा भेजा गया महंगा गिफ्ट आदि प्राप्त करने के लालच में कस्टम ड्यूटी, एक्सचेंज चार्ज आदि के नाम पर कभी भी पैसा जमा न करें।
- व्हाट्सएप या अन्य मैसेंजर पर आने वाले वीडियो कॉल को स्वीकार न करें, जब तक की आप संबंधित व्यक्ति को जानते न हों।
- अपनी निजी तस्वीरें, वीडियोज आदि सोशल मीडिया पर किसी के साथ साझा न करें।

## महिलाओं हेतु सायबर अपराध से बचने के उपाय

### क्या करें

- विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करें, ऑनलाइन डेटिंग साइट्स से दूर रहें।
- इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स में खराबी आने पर, विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने रिपेयर कराएं।
- वैवाहिक धोखाधड़ी से सावधान रहें। मेट्रोमोनियल साइट्स पर प्रोफाइल में दी गई जानकारियों को विश्वसनीय सूत्रों से सत्यापित कर लें।
- ईमेल आईडी, सोशल मीडिया प्रोफाइल्स, ई वॉलेट्स/नेटबैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखें एवं नियमित अंतराल पर बदलते रहें।
- पुराने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डाटा वाइप कर फेक्ट्री रिसेट करें, जिससे कोई आपका निजी डाटा रिकवर न कर सके।
- ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट्स/एप्स का ही प्रयोग करें।
- सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपाकर रखें एवं प्रोफाइल लॉक रखें।
- ऑनलाइन लॉटरी/केबीसी, कैशबैक, जॉब, लोन, बीमा, शॉपिंग ऑफर्स आदि प्रलोभनों से सावधान रहें।
- टू-स्टेप वेरिफिकेशन/टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू रखें।
- किसी संस्थान/कंपनी का कस्टमर केयर संपर्क की जानकारी के लिए उनकी आधिकारिक वेबसाइट्स एप्स का प्रयोग करें,गूगल या किसी अन्य सर्च इंजन पर न खोजें।

### क्या न करें

- सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- ऑनलाइन चैट पर आपत्तिजनक/अंतरंग फोटो/वीडियो आदि साझा न करें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- अपने पिन/पासवर्ड आदि कभी भी किसी के साथ साझा न करें, और न ही कहीं लिखकर रखें।
- अपने मोबाइल, कंप्यूटर आदि पर कभी भी अंतरंग/निजी फोटो/वीडियो आदि निर्मित न करें।
- ऑनलाइन मित्र से एकांत में अकेले मिलने न जाएं।
- अनजान नंबरों से आए वीडियो कॉल रिसीव न करें।
- सोशल मीडिया पर किसी मित्र द्वारा मजबूरी बताकर पैसों की मांग करने पर तुरंत पैसे जमा न करें, पहले किसी अन्य विश्वसनीय माध्यम से पुष्टि कर लें।
- ऑनलाइन मित्र द्वारा भेजा गया महंगा गिफ्ट आदि प्राप्त करने के लालच में कस्टम ड्यूटी, एक्सचेंज चार्ज आदि के नाम पर कभी भी पैसा जमा न करें।
- किसी व्यक्ति के कहने पर कोई एप्लीकेशन जैसे एनीडेस्क, टीम व्यूअर, क्विक सपोर्ट आदि अपनी डिवाइस पर इंस्टॉल न करें।

# सायबर अपराध से बचाव हेतु सावधानियां

## क्या करें

- फोन कॉल के जरिए आपके नाम से नकली पार्सल में अवैध सामान जैसे ड्रग्स आदि होने एवं अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के नाम पर डराकर आपको डिजीटल अरेस्ट कर पैसे ऐंठे जा सकते हैं। ऐसे कॉल्स से सावधान रहें।
- किसी भी प्रकार के लॉटरी, ईनाम, केशबेक, केबीसी लकी ड्रॉ, जॉब, लोन, बीमा आदि के लुभावने ऑफर्स से सावधान रहें।
- बकिसी संस्थान/कंपनी के कस्टमर केयर नंबर के लिए उनकी आधिकारिक वेबसाइट्स/एप्स का ही प्रयोग करें। कस्टमर केयर नंबर को गूगल या किसी अन्य सर्च इंजन पर खोजने से बचें।
- ऑनलाइन शॉपिंग के लिए विश्वस्नीय एवं प्रमाणित ई-कॉमर्स वेबसाइट्स/एप्स का ही प्रयोग करें।
- हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके नंबर की कॉल्स किसी अन्य अनजान नंबर पर फॉरवर्ड न हों।
- अपने सभी सोशल मीडिया, मेसेजिंग एप जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, वॉट्सएप, टेलीग्राम आदि पर 2-स्टेप वेरिफिकेशन विकल्प ऑन रखें, ताकि कोई आपके अकाउंट को हेक न कर सके।
- अपडेटेड एंटीवायरस सॉफ्टवेयर से अपने सभी डिवाइस को सुरक्षित रखें एवं किसी अनजान ई-मेल/लिंक खोलने से पहले प्रमाणिकता जाँच लें।
- सिम खरीदने के लिए संबंधित कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर ही जाएं तथा दुकानदार या स्टोर संचालक को जो भी पहचान संबंधी दस्तावेज दें, उसमें उपयोग का उद्देश्य लिखकर फोटो पर क्रास साइन कर दें। संचालक /दुकानदार को एक से ज्यादा बार फिंगर प्रिंट व ओटीपी न दें।
- सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन के संबंध में यदि कोई ट्रेज़री/पेंशन अधिकारी बनकर कॉल करता है तो पहलेसंबंधित विभाग से कन्फर्म कर लें।

## क्या न करें

- भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। पुलिस या जॉच एजेंसियों के नाम पर कॉल/वीडियो कॉल करने वाले जालसाज पर विश्वास न करें और न ही जालसाज के कहने पर स्काइप आदि वीडियो कॉलिंग एप्स डाउनलोड करें।
- शेयर मार्केट, क्रिप्टो करंसी आदि में निवेश पर कम समय में अधिक लाभ के प्रलोभन में न पड़ें। ऐसे फर्जी शेयरट्रेडिंग प्लेटफार्म एप में ट्रेडिंग से बचें। टेलीग्राम एप पर वर्क फ्रॉम होम एवं टास्क कंप्लीट करने के नाम पर रूपए कमाने के झांसे में न आएं।
- यदि आपको कोई यूपीआई पेमेंट करता है और वह कहता है कि आप पेमेंट स्वीकार करें तथा यूपीआई पिन एंटर करें तो ऐसा न करें। हमेशा ध्यान रखें पेमेंट करने के लिए यूपीआई पिन डालना होता है, पेमेंट प्राप्त करने के लिए नहीं।
- सोशल मीडिया जैसे वॉट्सएप, टेलीग्रीम, मेसेंजर आदि पर किसी के भी द्वारा भेजे गए APK फाइल्स को डाउनलोड व इंस्टॉल न करें। मोबाइल पर कोई एप इंस्टॉल करने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एपल स्टोर जैसे अधिकारिक एप स्टोर का ही उपयोग करें तथा वॉट्सएप/टेलीग्राम आदि पर मीडिया ऑटो डाउनलोड सेटिंग ऑफ रखें।
- सोशल मीडिया पर किसी मित्र द्वारा मजबूरी में पैसों की मांग करने पर तुरंत पैसे जमा न करें, पहले किसी विश्वसनीय माध्यम से पुष्टि कर लें।
- ऑनलाइन मित्र द्वारा भेजा गया महंगा गिफ्ट आदि प्राप्त करने के लालच में कस्टम ड्यूटी, एक्सचेंस चार्ज आदि के नाम पर कही पैसे जमा न करें।
- फोन पर किसी के कहने पर कोई एप्लीकेशन जैसे एनीडेस्क, टीम व्यूअर, क्विक सपोर्ट आदि अपनी डिवाइस पर इंस्टॉल न करें, और न ही इनका एक्सेस कोड बताएं।
- RBI विनियमित संस्थाओं से ही लोन लें। लोन एप उपयोग करने से पहले वेरिफाई करें, क्योंकि ऐसे एम निजी जानकारी चुराकर बाद में आपसे पैसे ऐंठते हैं। ऐसी कई फर्जी लोन एप इंटरनेट पर उपलब्ध हैं।
- अपने नाम का बैंक खाता एवं सिम किसी अन्य को उपयोग करने हेतु न दें, न ही बेचें। अन्यथा आप पर कठोर कस्कूलीकार्यवाही हो सकती हैं।

**CALL HELPLINE NO**
**1930**

Cyber Crime Report on www.cybercrime.gov.in

**Addl. Director General of Police**
**State Cyber Police HQ M.P.**
Bhadbhada Road, Depot Square, Bhopal - M.P.
mycyberpolice@mppolice.gov.in, 0755-2770341

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917